हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, गुरुवार, 21 दिसंबर 2023
[ खरसिया। सारंगढ़। घरघोड़ा। धरमजयगढ़। पुसौर। बरमकेला। लैलूंगा। तमनार ]

तापमान
अधिकतम 24.0 डिग्री
न्यूनतम 19.0 डिग्री

4
स्कूली बच्चों ने ठंड में लिया शैक्षणिक भ्रमण का आनंद



## खबर संक्षेप

### सशिमं में बनेगा अभिलेखागार विभाग

**रायगढ़।** सरस्वती शिशु मंदिरों में अभिलेखागार विभाग शुरू किया जाएगा। नगर जिला स्टेट लेवल पर अभी अभिलेखागार प्रमुख और सहायक की व्यवस्था की जाएगी। सरस्वती शिक्षा संस्थान के अभिलेखागार प्रमुख संस्कार श्रीवास्तव ने प्रांतीय अधिकारियों की अनुमति से प्रदेश के सशिमं से अपने-अपने स्कूलों में स्थापना से अभी तक शैक्षणिक गैर शैक्षणिक सांस्कृतिक समस्त गतिविधियों का आर्काइव बनाने का आग्रह किया है। उन्होंने सभी प्राचार्य प्रधानाचार्य से प्रचार एवं अभिलेखागार विभागों के लिए शिक्षकों निर्धारित करते हुए उसकी सूची जिला विभाग समन्वयक को भेजने का निवेदन किया है। प्रांत के सभी समन्वयक ये सूची प्रांतीय अभिलेखागार कार्यालय को उपलब्ध कराएंगे। अभिलेखागार का कार्य रुपरेखा के लिए 9893598836 या 9424213505 पर व्हाट्सएप करने के लिए कहा गया है।

### रामलीला मैदान का अस्तित्व बचाने ज्ञापन

**रायगढ़।** शहर के रामलीला मैदान के अस्तित्व को बचाने खिलाड़ी लामबंद हो गए हैं। खेल प्रेमियों ने कछुआ चाल से जीर्णोद्धार हो रहे रामलीला मैदान में व्यावसायिक आयोजनों पर पाबंदी लगाने के लिए कलेक्टर को आवेदन सौंपा है। कलेक्टर जनदर्शन में जिले के कई खिलाड़ी पहुंचे और रामलीला मैदान की बदहाल हालत पर चिंता जताते हुए जिलाधीश कार्तिकेया गोयल से मुलाकात भी की। खेलप्रेमियों ने बताया कि रामलीला मैदान के जीर्णोद्धार के लिए पहले 25 लाख रुपए का कार्यदेश भूमिपूजन के बाद इसे संवारने की कवायद भी शुरू हुई। मगर इसकी गति काफी धीमा होने के कारण रामलीला मैदान की चमक से वो तस्वीर नहीं बन पा रही जो अब तक बननी थी। मैदान की मिट्टी सख्त होने से खिलाड़ियों को खेलने में तकलीफ हो रही है, इसलिए वहां की मिट्टी को हटवाकर उसकी जगह नई मिट्टी डलवाने की मांग खिलाड़ियों ने की है ताकि उन्हें सुव्यवस्थित खेल मैदान का लाभ मिल सके। वहीं, खेलप्रेमियों ने रामलीला मैदान के अस्तित्व को बचाने के लिए वहां जनहित में होने वाले सरकारी कार्यक्रमों को छोड़कर दीगर आयोजनों के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए रोक लगाने की भी वकालत की है।

### विद्यार्थियों ने दिया ब्रिलियंट जीके प्रतियोगिता

**रायगढ़।** रायगढ़ की प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्था संस्कार पब्लिक स्कूल मे ब्रिलियंट सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता विगत दिवस संपन्न हुई। संस्था के मार्गदर्शक रामचन्द्र शर्मा ने बताया कि ब्रिलियंट सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता बच्चों के व्यक्तित्व विकास एवं आगामी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए संस्कार पब्लिक स्कूल के द्वारा हर वर्ष आयोजित किया जाता है। इस वर्ष के कार्यक्रम में लगभग 1500 बच्चों ने हिस्सा लिया। यह प्रतियोगिता 2 केटेगरी मे संपन्न हुई। जिसमें पहली केटेगरी कक्षा 5 वी से 8 वीं तक एवं दूसरी केटेगरी कक्षा 9वीं से 12 तक के बच्चे शामिल हुए। प्रश्नपत्र मे सामान्य ज्ञान एवं दैनिक जीवन से संबंधित प्रश्न पूछे गए जिसकी सराहना पैरेंटस ने भी की। प्राचार्या श्रीमती रश्मि शर्मा ने बताया कि यह प्रतियोगिता पिछले 15 वर्ष से लगातार आयोजित की जा रही है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इसका लाभ बच्चों को मिलेगा। मार्गदर्शक रामचन्द्र शर्मा ने बताया कि दोनों ही वर्गों के विद्यार्थियों के लिए जिला स्तर पर प्रथम, द्वितीय, तृतीय इनाम के साथ-साथ नगद पुरस्कार भी रखे गए है। इसके अलावा 10 सानतवना पुरस्कार एवं भाग लेने वाले प्रत्येक स्कूल के प्रथम 3 छात्र-छात्राओं को भी पुरस्कार दिया जाएगा। जिसकी घोषणा मीडिया के माध्यम से की जाएगी। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता को लेकर विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों में भारी उत्साह देखा जा रहा है।

### पैरावट में शव छिपाने की कोशिश, किसान से पूछताछ में जुटा वन अमला

# फसल बचाने के लिए लगाया करंट ग्राम बोरो में नर हाथी की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

धरमजयगढ़ वन मंडल के बोरो रेंज के अंतर्गत दक्षिण खम्हार गांव के समीप एक 12 वर्षीय वयस्क हाथी का शव मिला है। सूचना मिलने पर डीएफओ सहित वन अमला मौके पर पहुंचा और वस्तु स्थिति का जायजा लेते हुए शव का पंचनामा करते हुए पोस्टमार्टम के बाद शव का अंतिम संस्कार किया गया। वहीं संदिग्ध किसान से पूछताछ की चल रही है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बोरो रेंज के अंतर्गत दक्षिण खम्हार गांव के समीप एक हाथी का शव पड़े होने की सूचना वन अमले को मिली। सूचना मिलने के बाद डीएफओ अभिषेक जोगावट अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। मौके का जायजा लेते वक्त देखा गया कि हाथी की मौत करंट प्रवाहित विद्युत तार की चपेट में आने से हुई है। जिस किसान ने यहां विद्युत तार लगाया था उसका नाम मोहपाल राठिया बताया जा रहा है। अहम बात है कि इस हाथी की उम्र लगभग 12 वर्ष थी और यह अपने दल से अलग हो कर भोजन को तलाश में इस क्षेत्र में विचरण कर रहा था। बताया जा रहा है कि इस क्षेत्र में वर्तमान में हाथियों का एक दल बीते कुछ दिनों से विचरण कर रहा है। इसी दल से अलग हो कर यह हाथी गांव की ओर आ गया था।



#### तार नहीं लगाने दी थी समझाइश

कुछ दिन पहले ही डीएफओ अभिषेक जोगावत ने इसी गांव में मुनादी करते खुद ग्रामीणों से रूबरू हो कर हाथियों की मौजूदगी के बारे बताया गया था। इस दौरान उक्त किसान भी वहां मौजूद था। ऐसे में यह आशंका भी व्यक्त की जा रही है कि उक्त व्यक्ति ने जन बुझ कर इस कृत्य को किया है। इस क्षेत्र के किसान महिपाल राठिया के द्वारा अपने अरहर की फसल की रक्षा के लिये खेत के चारो तरफ करंट प्रवाहित तार बिछाया गया था। चूंकि पिछले कुछ दिनों से लगातार जंगली हाथी उसके खेत आकर अरहर की फसल को नुकसान पहुंचा रहे थे उसी लिये उसने खेत के आसपास करंट लगाया हुआ था जिसके संपर्क में आने से जंगली हाथी की मौत हो गई

#### पैरावट में शव छिपाने की कोशिश

हाथी की मौत हो जाने के बाद साक्ष्य छुपाने के इरादे से किसान ने जंगली हाथी के शव को पैरावट में ढकने का प्रयास भी किया गया था परंतु यह घटना सामने आ गई। इस घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचकर किसान को हिरासत में लेकर पूछताछ करते हुए आगे की कार्रवाई में जुट गई है। वन विभाग के अधिकारियों से घटना स्थल पर कुछ सबूत भी मिले हैं जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

#### 105 जंगली हाथी कर रहे विचरण

रायगढ़ जिले के दोनों वन मंडलों में इन दिनों कुल 105 जंगली हाथी विचरण कर रहे हैं जिसमें धरमजयगढ़ वन मंडल में जहां 45 जंगली हाथी विचरण कर रहे है जिसमें 14 नर, 21 मादा व 10 बच्चा शामिल है। वहीं रायगढ़ वन मंडल में करीब 60 जंगली हाथियों का दल विचरण कर रहा है जिसमें 18 नरए 26 मादा एवं 16 शावक शामिल है।

#### गांव-गांव में मुनादी

वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार जंगली हाथियों से प्रभावित गांवों में लगातार मुनादी कराकर गांव के ग्रामीणो को जंगली हाथियों से सचेत रहने की अपील की जा रही है। साथ ही साथ शाम के समय व सुबह के समय ग्रामीणों को जंगल की तरफ नही जाने की अपील की जा रही है। इसके अलावा रिहायशी इलाकों में जंगली हाथी के आने के बाद उससे दूरी बनाये रखने की बात कही जा रही है।

# पीएम विश्वकर्मा योजना का पंजीयन आज से

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

हुनर को निखारने के लिए और उसे आय प्राप्त करने के लिए पीएम विश्वकर्मा योजना वरदान साबित होगा। इससे शहर के हुनरमंद और युवा वर्ग को हुनरमंद बनने के लिए ज्यादा से ज्यादा संख्या में उन्हें प्रेरित करें।



▪ कौशल के साथ उद्यम की व्यवस्था

उक्त बातें निगम कमिश्नर सुनील कुमार चंद्रवंशी ने पीएम विश्वकर्मा योजना के संबंध में एनयू एल एम विभाग की बैठक में कही। कमिश्नर ने बताया कि 21 दिसंबर से ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन योजना के लिए शुरू होगा। योजना से संबंधित हितग्राही आफलाइन फार्म निगम के एनयू एल एम विभाग में जमा कर सकते हैं। इसमें 18 प्रकार के ट्रेड परंपरागत व्यवसाय का प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिसमें कारपेंटर बढ़ाई, नाव बनाने वाला, आस्त्राकार, लोहार, हथोड़ा और टूलकिट निर्माता, मरम्मत करने वाला, मूर्तिकार, पत्थर तोड़ने वाला, सोनार, कुम्हार, मोची, फुटवियर कारीगर, राज मिस्त्री, टोकरी चटाई झाड़ू निर्माता, कायर बुनकर, गुड़िया और खिलौना निर्माता, नई, माल निर्माता मालाकार, धोबी, दर्जी, मछली पकड़ने का जाल निर्माता, इस तरह 18 ट्रेड परंपरागत व्यवसाय शामिल हैं। प्रशिक्षणकर्ता को प्रति दिवस प्रशिक्षण संस्थान को 500 रुपए 5 दोनों का 2500 रुपए एवं एडवांस ट्रेनिंग के लिए 5000 रुपए भुगतान करना होगा। प्रशिक्षण के लिए किसी भी चॉइस सेंटर या नगर निगम के एनयू एल एम में पंजीयन फॉर्म जमा किया जा सकता है। प्रशिक्षण उपरांत योजना के तहत टूलकिट लाभ डिजिटल लेनदेन के लिए इंसेंटिव और मार्केटिंग सपोर्ट की सुविधा मिलेगी। इसमें प्रशिक्षण प्राप्त हितग्राहियों को पहले चरण में एक लाख तक की और दूसरे चरण में 2 लाख रुपए तक की सहायता मात्र 5 प्रतिशत की ब्याज से बैंकों द्वारा लोन दिया जाएगा। पंजीयन के लिए आवेदनकर्ताओं को हितग्राही का आधार कार्ड परिवार उनके परिवार का आधार कार्ड फोटो कॉपी, राशन कार्ड का फोटो कॉपी एवं बैंक पासबुक का फोटो कॉपी मोबाइल नंबर सहित आवश्यक दस्तावेज जमा करना होगा। कमिश्नर ने बैठक लेकर योजना का हितग्राहियों तक लाभ पहुंचे इसके लिए कार्ययोजना अनुसार युवाओं को योजना से जोड़ने प्रेरित करने के निर्देश दिए।

# साथियों के साथ उज्जैन जा रहा युवक लापता

### पतासाजी करने जीआरपी पहुंचे परिजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

चलती ट्रेन से एक युवक रहस्यमयी तरीके से लापता हो गया है। युवक साथियों के साथ उज्जैन घूमने के लिए जा रहा था। ट्रेन चढ़ने के बाद सभी अपनी अपनी सीट पर सो गए थे। सुबह सुबह युवक अपने सीट पर नहीं था। ऐसे में उसके साथ उसकी पतासाजी में लग गए कोई पता नहीं चला। सीट पर आकर छानबीन किया तो सीट के नीचे उसका मोबाइल मिला है। अब पिछले तीन दिन से साथी की तलाश में युवक स्टेशन में भटक रहे है। रायगढ़ और झारसुगड़ा के बीच गायब होने की जानकारी जीआरपी को दी है। उन्होने किसी टीटीई से बहस की बात कही है। ऐसे में अनहोनी की आशंका भी जता रहे है।



जानकारी के अनुसार 16 दिसंबर को टाटानगर के रहने वाले अविनाश प्रसाद 32 साल, जयंत, सूरज, विशाल चारों साथी उज्जैन जाने के लिए निकले थे। रात में टाटानगर से शालीमार भुज सुपर फास्ट 22830 में सवार हुए। एक साथ बर्थ नहीं मिलने के कारण अलग अलग सीट पर थे। अविनाश ट्रेन के बी 6 बोगी में सफर कर रहा था। रात में सभी एक साथ सवार हुए फिर सो गए। सुबह करीब साढ़े 6 बजे साथी उसके पास पहुंचे। तब युवक सीट पर नही था। आसपास में बैठे यात्रियों पूछताछ किया गया तो घंटे भर से सीट में नहीं होने की बात कही इस दौरान ट्रेन रायगढ़ स्टेशन के आसपास पहुंचा था। दोस्तों ने कुछ समय तक इंतजार किया। नहीं मिला तो खोजबीन शुरू कर दी। इसी दौरान सीट के नीचे उसका मोबाइल पाया गया। तलाश करते हुए साथी बिलासपुर तक पहुंचे फिर वहीं ट्रेन से उतर गए। रायगढ़ पहुंचकर इसकी जानकारी जीआरपी में दी है।

#### टीटीई से हुई थी बहस

जिसके बाद युवक झारसुगड़ा में इसकी सूचना दे दी है। टीटीई के साथ बहस रू युवकों के मुताबिक चार दोस्तों में से 1 का सीट कंफर्म नहीं था। उसका वेटिंग था। ऐसे में उसे अपने साथ ही यात्रा करा रहे थे। रात करीब साढ़े 12 बजे ट्रेन में चढ़ और खाना खाकर करीब डेढ़ बजे सब अपने सीट पर चले गए। सुबह करीब 4 बजे टीटीई से किसी बात को लेकर बहस हुआ था। जिसकी जानकारी बोगी में यात्रा कर रहे यात्रियों ने दी।

#### युवक तीन दिन से लापता

साथियों के साथ घूमने के लिए जा रहा युवक शनिवार की रात में ट्रेन में सवार हुआ। 17 दिसंबर की सुबह से लापता हो गया है। साथी ट्रेन में बिलासपुर तक उसकी खोज करते गए। फिर परेशान होकर बिलासपुर में उतर गए। वहां से दूसरे ट्रेन में सवार होकर रायगढ़ पहुंचे और जीआरपीए आरपीएफ में इसकी जानकारी दी। तीन दिन तक साथी की तलाश में युवक भटक रहे है। अब तक किसी ने मामले में संज्ञान नहीं लिया है।

# नहीं थम रही अवैध शराब की बिक्री, हर दिन घर हो रहे तबाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

विकासखंड रायगढ़ के अंतर्गत ग्राम चिराईपानी में अवैध शराब की बिक्री से हर दिन घरों में विवाद हो रहे हैं, घर गृहस्थी तबाह होने की कगार पर पहुंच गए हैं। ऐसे में अपने परिवार व घर को बचाने के लिए महिलाओं ने अवैध शराब की बिक्री पर कार्रवाई करते हुए शराब बंदी की मांग प्रशासन से की है। जिला मुख्यालय से लगे चिराईपानी में शराबबंदी को लेकर नारी शक्ति सक्रिय हो गई है। गांव के देशी भट्टी और कच्ची शराब की अवैध बिक्री को रोकने के लिए महिलाएं चौका चूल्हा छोड़कर कलेक्ट्रेट पहुंची और जनदर्शन में अपनी बात रखी। जिलाधीश कार्तिकेया गोयल को आवेदन सौंपने वाली चिराईपानी पतरापाली की महिलाओं ने बताया कि उनके गांव में देशी भट्टी के अलावे कुछ लोगों द्वारा अवैध कच्ची शराब बेचने से नई पीढ़ी जहां नशे के दलदल में समा रहे हैं तो अब स्कूली बच्चों पर भी इसका बुरा असर पड़ने पर वे नशे की तरफ आकर्षित होने लगे हैं। रोजी मजदूरी से लेकर किसानी करने वाले लोग शराब पीकर अपनी कमाई लुटा रहे हैं। ऐसे में महिलाओं को घर खर्च चलाने में काफी परेशानियां झेलनी पड़ रही है। महिलाओं का यह भी कहना है कि अब तक अधिकांश घर के मुखिया ही शराब पीते थेए मगर अब गांव में अवैध कच्ची शराब की दुकान खुलने से स्कूल जाने वाले बच्चे और नौजवान भी नशे की गिरफ्त में आकर अपना भविष्य बर्बाद करने आमादा हैं। ऐसे में नशे के चक्कर में गांव का वातावरण खराब होते देख महिलाओं को चूल्हा चौका छोड़कर शराबबन्दी के लिए एकजुट होना पड़ा है।



# ट्रेलर व बाइक की भिड़ंत नवयुवक की गई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

पूंजीपथरा थाना अंतर्गत तराईमाल स्थित बंजारी मंदिर के समीप बुधवार की सुबह करीब 10 एक तेज रफ्तार ट्रेलर ने बाइक सवार एक युवक को अपनी चपेट में ले लिया। युवक की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि युवक भाजपा आईसेल मंडल संयोजक अभिषेक पंडा है। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार यह हादसा सुबह करीब 10 उस वक्त हुआ, जब घरघोड़ा निवासी अपनी बाइक पर किसी काम से जा रहे थे। इसी बीच बंजारी मंदिर के पास तेज रफ्तार ट्रेलर क्रंमाक सीजी सीजी 10 बीजे 3678 के चालक ने लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए बाइक सवार अभिषेक को अपनी चपेट में ले लिया। सूचना मिलने पर पूंजीपथरा थाना प्रभारी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव का पंचनामा करते हुए पोस्टमार्टम के लिए घरघोड़ा के शासकीय अस्पताल में लाया गया। वहीं घटना कारित ट्रेलर को जब्त करते हुए मर्ग कायम कर जांच जारी।

# सहारा से बेसहारा हुए निवेशकों ने लगाई इंसाफ की गुहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

सहारा इंडिया से बेसहारा हुए निवेशकों ने फिर एक बार कलेक्टर के समक्ष पहुंच कर फरार आरोपियों की गिरफ्तारी और सम्पत्ति कुर्क कर रकम वापस दिलाने की मांग की है। उन्होंने कलेक्टर से मुलाकात अपनी आपबीती बताई, जिस पर कलेक्टर ने उन्हें इस मामले में उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

अहम बात यह है कि सहारा इंडिया कंपनी के मालिक सुब्रत रॉय की मौत के बाद रायगढ़ के निवेशकों ने अपनी जमापूंजी की वापसी की लड़ाई तेज कर दी है।



बीते कई सालों से सहारा से बेसहारा हुए निवेशकों ने अब कलेक्टर कार्तिकेया गोयल को भी आपबीती बताते हुए उचित कदम उठाने की मांग की। कलेक्टर से मिलने के दौरान आवेदन सौंपने वाले निवेशकों ने अपनी समस्याएं गिनाते हुए इंसाफ की गुहार भी लगाई। निवेशकों ने कलेक्टर गोयल से कहा कि सहारा इंडिया में जमा हुए अपनी खून पसीने की कमाई को ससम्मान वापस पाने के चक्कर में वे पत्राचार से लेकर आन्दोलन भी कर चुके हैं। निवेशकों ने यह भी बताया कि सहारा इंडिया और कंपनी कर्मचारियों ने मिलकर रायगढ़ जिले के हजारों लोगों की जमापूंजी हड़प ली है। इस मामले में विधिवत जांच के बाद कलेक्टर कार्यालय के निर्देश पर कोतवाली पुलिस ने छत्तीसगढ़ निक्षेपकों के अधिनियम के तहत कूटरचित षडयंत्र के तहत चार सौ बीसी का मुकदमा तक पंजीबद्ध किया। इसमें आरोपियों की गिरफ्तारी के साथ उनकी सम्पत्ति कर्ज कर पीड़ितों को राशि वापस दिलाने का प्रावधान है।

#### 65 में से सिर्फ 3 पर ही हुई कार्रवाई

इस प्रकरण में 65 आरोपियों की गिरफ्तारी होनी थी, कार्रवाई केवल 3 पर ही हुई और उनकी संपत्ति कुर्की नहीं कि गई। जबकिए अंचल के 4 हजार निवेशकों का सहारा इंडिया में 40 करोड़ रुपए फंसा है, जिसकी जल्द वापसी की मांग की गई है। कलेक्टर जनदर्शन में फरियाद लेकर पहुंचे लोगों में विकास निगानिया, नरेश कंकरवाल, रमाशंकर दुबे, रोहित दास महंत, ज्योति सारथी, ललिता पटवा, सुशीला पटवा, उषा बाई, रिक्की श्रीवास, रजनी पटनायक, मीरा नामदेव शामिल है।

### पॉजिटिव केस पाए जाने पर की जाएगी अनिवार्य रुप से जीनोम सिक्वेंसिंग

# चाइनीज इंफ्लुएंजा के लक्षण तो होगा आरटीपीसीआर टेस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

चाइनीज इन्फ्लुएंजा के लिए इन्फ्लुएंजा, माइकोप्लाज्मा निमोनिया और सार्स कोव 2 जैसे वायरस जिम्मेदार हैं। ठंड बढ़ने के साथ जिले समेत प्रदेशभर के बच्चों में भी इन्फ्लुएंजा के मामले बढ़ रहे हैं। जिसको देखते हुए स्वास्थ्य विभाग सतर्क हो गया है। विभाग ने पल्मोनरी, मेडिसिन व शिशु रोग विभागों के डॉक्टरों को इस पर खास नजर रखने के लिए कहा है। इससे मिलते-जुलते लक्षणों वाले मरीजों का आरटीपीसीआर टेस्ट कराने के निर्देश दिए गए हैं।

विभाग द्वारा जारी दिशा निर्देशों में कहा गया कि इस मौसम में इन्फ्लुएंजा जैसी बीमारी और सांस की बीमारियां बढती हैं। ऐसे में इनको करीब से मॉनिटर करना जरूरी है। साथ ही इन मामलों की जानकारी आइडीएसपी पर अपलोड करने के लिए कहा गया है। इसके अलावा फ्लू के लिए दवाएं और टीकेए मेडिकल ऑक्सीजन, एंटीबायोटिक दवाइयां, उपकरण, टेस्टिंग किट एवं रिएजेंट, ऑक्सीजन प्लांट और वेंटिलेटर की स्थिति की रिपोर्ट भी मांगी गई है।

इस विषय मे जानकारी देते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. मण्डावी ने बताया कि सर्दी, बुखार, जुकाम, फेफड़ों में जलन जैसे मामलों में कोरोना जैसी निगरानी की जाएगी। हर संदिग्ध मरीज का आरटीपीसीआर टेस्ट कराने के निर्देश दिए गए हैं। यही नहीं विभाग इस बार किसी प्रकार की कोई लापरवाही की संभावना को कम करना चाहता है। इसलिए पहले से ही हर पॉजिटिव टेस्ट को जीनोम सीक्वेंसिंग के लिए भेजने के निर्देश भी दिए गए हैं। इससे पहले विभाग ने सीवेज और वेस्ट वाटर के भी सैंपल लेने की सलाह दी थी।



#### रायगढ़ पर पड़ सकता है बीमारी का प्रभाव

चीनी इन्फ्लुएंजा जैसे लक्षण अमरीका व यूरोप जैसे देशों के 3 से 8 साल के बच्चों में देखे जा रहे हैं। यही नहीं बल्कि औद्योगिक जिला व प्रदेश होने के कारण दुनिया भर के लोग यहां आना जाना कर रहे हैं। इसलिए नये वेरिएंट से रायगढ के प्रभावित होने की आशंका है। हांलांकि अभी तक कोई भी केस सामने नहीं आया है लेकिन स्वास्थ विभाग पूरी तरह अलर्ट हो गया है।

#### निमोनिया से मिलते हैं लक्षण

सीएमएचओ डॉ एनके मण्डावी के अनुसार चीन में फैल रहा यह रहस्यमय प्रकोप निमोनिया से मिलता-जुलता है। इसमें बच्चों को बिना खांसी के तेज बुखार और फेफड़ों में सूजन हो रही है। एंटीफंगल दवाओं की मदद से निमोनिया का इलाज किया जा सकता है। विभाग अस्पतालों में इसकी व्यवस्था कर रहा है। आमजन खुद को मौसमी बीमारियों से बचाकर रखें। मास्क का उपयोग करें और बच्चों को निमोनिया से बचाएं।

#### नए कोरोना वायरस के संबंध में गाइड लाइन जारी

भारत के केरल राज्य में नए कोरोना वायरस जेएन 1 का फैलाव होने के कारण सीएमएचओ डॉ.आरएन मण्डावी ने गाईड लाईन जारी की है। उन्होंने बताया कि राज्य में कोविड बीमारी नियंत्रण में है अनावश्यक घबराने की आवश्यकता नहीं है परन्तु सावधानी बरतना आवश्यक है। पूर्व में जारी कोविड संबंधी दिशा निर्देशों तथा कोविड अनुरूप व्यवहार जैसे मास्क लगानाए साबुन से हाथ धोना सेनेटाईजर का उपयोग करना सोशल डिस्टेसिंग अपनाये संभावित लक्षण वाले व्यक्तियों से दूरी बनाकर रखना इत्यादि नियमों का पालन करें। सर्दी, खांसी, बुखार या स्वांस में तकलीफ होने पर नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, जिला अस्पताल रायगढ़, मेडिकल कॉलेज रायगढ़ में उपस्थित होकर जांच एवं उपचार कराने हेतु आग्रह किया है।

20-Dec -RGH Bhoomi -pg-2_Layout 1 12/20/2023 9:20 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### विधानसभा के अभ्यर्थियों ने प्रस्तुत किया खर्च का ब्यौरा

**जशपुरनगर।** जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र के अभ्यर्थियों का कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिला नोडल निर्वाचन व्यय जशपुर के द्वारा अभ्यर्थियों एवं अभिकताओं का निर्वाचन व्यय लेखा से संबंधित समस्याओं का निराकरण किया गया एवं व्यय लेखा के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में तीनों विधानसभा क्षेत्र के सहायक व्यय प्रेक्षक एवं लेखा दल उपस्थित थे।

### नगर पालिका को हादसे का इंतजार



**जशपुरनगर।** नगर पालिका की उदासीनता से मुख्यमार्ग जयस्तंभ के सामने एक पुराना सूखा पेड़ हादसे का कारण बन सकता सकता है। सामने इंडोर स्टेडियम में खिलाड़ियों व बगल में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में हमेशा शिक्षकों का आना लगा रहता है। इस सुखे पेड़ के जड़ों पर दीमक लग चुका है कभी भी गिर सकता है और बड़े हादसे का रूप ले सकता है। आसपास के दुकानदारों का कहना है की नगर पालिका को कई बार आवेदन देने के बाद भी सूखे पेड़ को काटने की कोई कार्रवाई नहीं की गई है। लगता है नगर पालिका किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रही है।

### मिशन शक्ति : संविदा पदों पर भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित

**जांजगीर-चांपा।** भारत सरकार ने महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम अंतर्गत महिलाओं के सुरक्षा, संरक्षण एवं सशक्तिकरण हेतु एक अम्ब्रेला योजना ''मिशन शक्ति'' की शुरुआत की है। मिशन शक्ति अंतर्गत मिशन शक्ति के दिशा-निर्देशों के अनुसार राज्य स्तरीय हब हेतु जिले में 8 स्वीकृत संविदा पदों जिला मिशन समन्वयक, जेन्डर विशेषज्ञ, वित्तीय साक्षरता एवं समन्वय विशेषज्ञ, कार्यालय सहायक, डाटा एन्ट्री ऑपरेटर पीएमएमव्हीवाय, मल्टी टास्क स्टाफ) की पूर्ति हेतु आवेदन 24 जनवरी तक कार्यालयीन समय 5.30 बजे तक जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग जांजगीर-चांपा में आवेदन आमंत्रित किया गया है। विस्तृत जानकारी जिले की वेबसाईट एवं कार्यालय के सूचना पटल कर अवलोकन कर सकते हैं।

### स्थायी दिव्यांगता की सहायता राशि पर दावा आपत्ति 29 तक

**जांजगीर-चांपा।** श्रम एवं रोजगार मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जारी आदेश के अनुसार ई-श्रम पोर्टल में पंजीकृत ऐसे असंगठित श्रमिक जिनका पंजीयन 31 मार्च 2022 को अथवा पूर्व हुआ हो तथा दुर्घटनागत कारणों से पंजीकृत श्रमिक की मृत्यु या स्थायी दिव्यांगता 31 मार्च 2022 को अथवा पूर्व हुई हो, को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना का लाभ एक्सग्रेसिया के रूप में दिया जाना प्रावधानित है। एक्सग्रेसिया के रूप में पात्र हितग्राहियों को मृत्यु एवं स्थायी दिव्यांगता पर सहायता राशि 2 लाख रूपए एवं आंशिक दिव्यांगता पर राशि 1 लाख रुपए प्रदाय किया जाना प्रावधानित किया गया है। पंजीकृत हितग्राही का आधार कार्ड, ई-श्रम पंजीयन कार्ड, मृत्यु प्रमाण पत्र, मृत्यु के कारण संबंधी चिकित्सा प्रमाण पत्र, थाने में दर्ज प्राथमिकी या पंचनामा, शव परीक्षण रिपोर्ट के साथ दावा आपत्ति प्रस्तुत किया जा सकता है। इस हेतु दावा आपत्ति 29 फरवरी तक ही स्वीकार किये जायेंगे।

### आईटीआई में प्लेसमेंट कैंप का आयोजन

**जांजगीर-चांपा।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र जांजगीर द्वारा युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से शुक्रवार 22 दिसंबर को प्रातः 11 बजे से 3 बजे तक आई.टी.आई. सक्ती नंदेली भाठा में एक दिवसीय प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जा रहा है।

---

सुबह से शाम तक यथावत रहे ठेका कर्मी, अधिकारियों ने की मान मनौव्वल

# ठेका कर्मियों ने मासिक वेतन पुनर्विचार समेत 5 मांगों को लेकर किया प्रदर्शन





हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिंदल उद्योग में कार्यरत ठेका कर्मी लंबे समय से वेतन बढ़ाए जाने की मांग को लेकर आंदोलन करते आ रहे हैं लेकिन उनकी मांगों को ठेकेदार और प्रबंधन द्वारा आश्वासन देकर नकार दिया जा रहा है। ऐसे में हजारों की संख्या में कार्यरत जिंदल ठेका कर्मियों ने बुधवार सुबह से मासिक वेतन पुनर्विचार के साथ 5 बिंदुओं में अपनी मांगों को लेकर कामकाज बंद कर आंदोलन का आगाज करते हुए धरने में बैठ गए। इसकी सूचना मिलते ही प्रशासनिक स्तर के अधिकारी व एसडीएम मौके पर पहुंचे।

आंदोलन कर रहे जिंदल उद्योग ठेका कर्मियों ने आवेदन के माध्यय से बताया की वे वर्षो से ठेकेदारों के अधीन कारखाना में प्रबंधक अनुसार जो निर्धारित किया गया है उस पर काम करते आ रहे है। वहींए इसमें कई कर्मचारी शिफ्ट के अनुसार कार्य करते है। जिसके एवज में मेहनताना के रूप में 21,215 रुपए से कम दिया जाता है। जो मासिक वेतन शासन द्वारा निर्धारित वेतन से भी कम है। इसे लेकर वे पूर्व में भी ठेकेदार को वस्तु स्थिति से अवगत करा चुके है। लेकिन इसका नतीजा सार्थक नही रहा है। ऐसे में मजदूर नाराजगी जाहिर करते हुए बुधवार सुबह 8 बजे से आंदोलन का आगाज कर दिए। जिससे उद्योग प्रबंधन में हलचल मच गया। कमर्चारियों ने प्रशासन के समक्ष सौंपे गए ज्ञापन के माध्यय से बताया की ठेका कर्मचारी इतने कम वेतन में कार्य करने में असमर्थ बताते हुए मासिक वेतन के साथ 5 बिंदुओं में न्यूनतम वेतन मजदूरी 21215 रुपए होए कार्य अवधि 8 घंटेएमाह में 4 सप्ताहिक अवकाशए 8 प्रतिशत की दर से साल में वेतन वृद्धिए सभी ठेका कर्मचारियों के आईडी कार्ड में पोस्ट उल्लेखित किया जाए।

#### शासन की गाइडलाइन का पालन

जिंदल प्रबंधन के जिम्मेदार अधिकारियों और जिला प्रशासन के अधिकारों ने आपसी बैठक करने के बाद आंदोलन कर रहे ठेका कर्मियों को समझाइश दी कि वर्तमान में शासन की जो दर निर्धारित की गई है उससे अधिक मानदेय ठेका कर्मचारियों को दिया जा रहा है। उसके बाद भी यदि किसी प्रकार की विसंगति हो रही है तो उनकी बातों पर विचार किया जाएगा। लेकिन प्रबंधन और प्रशासनिक अधिकारियों की बात को अनसुना करते हुए देर शाम तक ठेका श्रमिक सार्वजनिक मार्ग को बाधित करते हुए बैठे रहे। ऐसे में प्रबंधन द्वारा तकरीबन एक दर्जन गांव के लोगों का मार्ग बाधित करने की शिकायत जिला प्रशासन से करते हुए कार्रवाई की मांग की है।

#### ठेकेदार और कर्मचारियों का मामला

विवाद का विषय ठेका कंपनी और कर्मचारियों के बीच है। उद्योग प्रबंधन शासन के नियमों के मुताबिक तथा ठेका अनुबंध का पालन करते हुए भुगतान कर रहा है। कंपनी कहीं भी जिम्मेदार अथवा दोषी नहीं है।

-सुधीर राय
मानव संसाधन विभाग, जेएसपी।

---



# रामलीला मैदान का जीर्णोद्धार अतिशीघ्र पूरा करें: काटजू

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रामलीला मैदान का जीर्णोद्धार कार्य स्वीकृत है। पूर्व में इसका कार्य भी किया गया है, वर्तमान में कार्य बंद है। इसे जल्द शुरू कर कार्य को शीघ्रता से पूर्ण करें। उक्त बातें मेयर श्रीमती जानकी काटजू ने निगम के सभी विभागों की समीक्षा बैठक में कही। समीक्षा बैठक दोपहर 1 बजे मेयर कार्यालय में शुरू हुई, जो दोपहर 3 बजे तक चली।

■ महापौर ने की निगम की विभागीय समीक्षा

बैठक में सबसे पहले रामलीला मैदान के जीर्णोद्धार संबंधित कार्यों पर चर्चा की गई। इस दौरान कार्य को जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्रत्येक वार्ड के लिए 10-10 लाख रुपए के कार्य स्वीकृत करने और इसके लिए पार्षदों से चर्चा कर एस्टीमेट बनाने की बातें कही गई। इसी तरह निराश्रित पेंशन नहीं आने की शिकायत पर मेयर श्रीमती काटजू ने समाज कल्याण विभाग से संपर्क कर हितग्राहियों को पेंशन लाभ दिलाने के निर्देश दिए गए। राजस्व वसूली में जलकर प्रत्येक माह के हिसाब से और ऑफलाइन में भी टैक्स लेने संबंधित सुविधा जारी करने के लिए निर्देश राजस्व विभाग की समीक्षा में दिए गए। इस दौरान शहर में अधूरे निर्माण कार्यों के संबंध में चर्चा की गई। इसपर मेयर श्रीमती काटजू ने अधूरे निर्माण कार्यों को में प्रगति लाने शीघ्रता से पूर्ण करने सभी इंजीनियरों को निर्देश दिए गए। इसी तरह स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए नियमित दवा छिड़काव करने और वार्डों एवं नाली की साफ सफाई रोटेशन अनुसार नियमित करने की बात कही गई। बैठक में सिटी बस परिचालन के संबंध में भी चर्चा की गई और सिटी बसों को रूट हिसाब से शुरू करने के निर्देश दिए गए। बैठक में एमआईसी सदस्य विकास ठेठवार, रमेश भगत, शेख सलीम नियारिया, कांग्रेस नेता श्याम लाल पटेल, अमृत काटजू, शाखा यादव उपायुक्त सुतीक्षण यादव सहित निगम के सभी विभागों के विभाग प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे।

---

# विकसित भारत संकल्प यात्रा घरघोड़ा विखं से प्रारंभ




**घरघोड़ा।** जनपद घरघोडा के ग्राम पंचायत कोसमघाट में विकसीत भारत संकल्प यात्रा में ग्रामीणजनों का भारी उत्साह देखा जा रहा है। केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का विभिन्न विभागों द्वारा जानकारी के साथ लाभ लेने प्रेरित किया जा रहा है। जागरूकता रथ में प्रोजेक्टर में माध्यम से योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों ने उनके सफलता पर मेरी कहानी मेरी जुबानी बताए। सर्वप्रथम भारतमाता, महात्मा गांधी की पूजा अर्चना कर स्वच्छता शपथ लिया गया। नोडल अधिकारी विनय चौधरी ने स्वागत उद्बोधन देते जिला महामंत्री अरूण धर दीवान, डीडीसी संतोष राठिया, पूर्व डीडीसी राधे श्याम राठिया, जैनेश्वर मिश्रा, पूर्व बीडीसी नारायण अग्रवाल, केदार नाथ साहू, वेद प्रकाश राठिया, विकास केशरवानी, सरपंच, उप सरपंच सहित अन्य अतिथियों का स्वागत सत्कार किया गया। बेटियों द्वारा मनमोहक गीत, सांस्कृतिक कार्यकम प्रस्तुत किया गया। केन्द्र सरकार की जनकल्याण कारी योजनाओं का समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुचाने के उद्देश्य से विकसित भारत सांकल्प यात्रा की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्जुचल माध्यम से की गई है।

### सन्ना हर्रापाठ से सोनक्यारी सड़क का निर्माण प्रारम्भ

**जशपुरनगर।** जशपुर-सन्ना सड़क का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने जिले के सड़क निर्माण का कार्य तेजी से करने के बाद सड़क निर्माण कार्य प्रगति में है। पीडब्ल्यूडी के उप अभियंता ने बताया कि जशपुर-सन्ना सड़क निर्माण अंतर्गत हर्रापाठ से सोनक्यारी 10 किलोमीटर की सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ हो गया है। सड़क निर्माण के प्रारंभ होने से क्षेत्र के लोगों के लिए आवागमन में सुगम होगा। उन्होंने बताया कि डब्लूएमएम, डामरीकरण, बीसी कार्य, नाली निर्माण, गार्ड वॉल, रिटेनिंग वॉल कार्य प्रगति पर है। जिसे शीघ्र पूर्ण कर लिया जाएगा। सड़क निर्माण हो जाने से क्षेत्र के लोगों को शीघ्र धूल मुक्त सड़क मिलेगा। कलेक्टर डॉ रवि मित्तल निरंतर सड़क निर्माण कार्य की समीक्षा कर रहे हैं और गुणवत्ता युक्त कार्य करते हुए सड़क निर्माण कार्य को समय अवधि में पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।

# किसी का बना आयुष्मान कार्ड तो किसी को उज्जवला का लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

केन्द्र सरकार की जनहितकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प विकसित यात्रा की शुरूआत की गई है। योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने की कड़ी में आज जिले के विकासखण्ड धरमजयगढ़ के सिसरिंगा एवं सोहनपुर, घरघोड़ा के कुडुमकेला एवं पुसल्दा, रायगढ़ के कोतरलिया एवं कोटमार तथा तमनार के गारे एवं सराईटोला में शिविर का आयोजन किया गया।

■ संकल्प यात्रा में लाभार्थी साझा कर रहे अपने अनुभव



जहां संकल्प यात्रा वैन के माध्यम से विभिन्न ग्राम पंचायतों में लोगों को केन्द्र सरकार की योजनाओं की जानकारी प्रदान की जा रही है। केन्द्र शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करने के लिए विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाया गया था। जिसके माध्यम से संबंधित विभाग में चल रही योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी उपस्थित लोगों को दी गई तथा योजनाओं का लाभ उठाने हेतु प्रेरित किया गया।

आयुष्मान कार्ड से लाभान्वित कारीछापर निवासी श्रीमती गंगा सिदार ने कहा कि मेरा बेटा तीन से चार माह का था तब अचानक तबीयत खराब होने से उसे रायगढ़ के निजी चिकित्सालय में ईलाज करवाने से बीमारी का पता चला और डॉक्टरों ने राजधानी के अस्पताल में इलाज करवाने की सलाह दी। लेकिन आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण इलाज करा पाने में दिक्कत हो रही थी। डॉक्टरों ने बताया की आयुष्मान कार्ड से मुफ्त में इलाज हो जाएगा। तब मैंने बेटे सहित पूरे परिवार का आयुष्मान कार्ड बनवाया। यह कार्ड मेरे बेटे के ईलाज के लिए वरदान साबित हुआ और बेटा स्वस्थ है। इस मुश्किल वक्त में आयुष्मान कार्ड के माध्यम से आर्थिक सहायता मिलने पर उन्होंने शासन को धन्यवाद दिया है। केसीसी से लाभान्वित कोतरलिया निवासी ललित कुमार पटेल ने बताया की केसीसी के माध्यम से उन्होंने टारपाली सोसाइटी से 21 हजार रुपए का नगद एवं 15 हजार तक का खाद बीज की खरीदी की हैं। इससे मुझे खेती किसानी में काफी सहयोग मिला हैं। केसीसी से बिना ब्याज के राशि मिलता हैं। यह शासन की बहुत अच्छी योजना इससे अन्य लोगों से ब्याज से पैसा लेना नहीं पड़ता है। इसी प्रकार पीएम उज्जवला योजना की लाभार्थी कोटमार निवासी श्रीमती शीलावती निषाद ने बताया कि पहले चूल्हा से खाना बनाते थे। जिसके लिए लकड़ी की आवश्यकता होती हैं। लेकिन अब पीएम उज्जवला योजना से गैस मिलने से अब धुआं से राहत मिली और समय की बचत हो रही हैं इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री जी को धन्यवाद दी है। विकसित भारत संकल्प यात्रा का वैन कल 21 दिसम्बर को जिले के इन गांवों में पहुंचेगी। जहां केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं के संबंध में लोगों को जानकारी दी जाएगी।

# भगोरा में एनएसएस का महाविद्यालयीन शिविर

**तमनार।** शासकीय महाविद्यालय तमनार की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का 7 दिवसीय विशेष शिविर 12 से 18 दिसंबर तक ग्राम भगोरा में भव्य संपन्न हुआ। स्वयंसेवकों द्वारा ग्राम के दीवारों पर रासेयो नशा मुक्ति नारा लेखन के माध्यम से जागरूकता का संदेश दिया गया।



भोजराम पटेल रासेयो जिला संगठक रायगढ़ जिला व मानस मंच के कलाकार उग्रसेन पटेल व नवरतन बिंझवार द्वारा रामकथा के माध्यम से चरित्र निर्माण व व्यक्तित्व विकास की शिक्षा दी गई अंत में नशामुक्ति पर गीत प्रस्तुत करते हुए नशा छोड़ने का संदेश दिया गया। प्रतिदिन प्रभात फेरी निकाल कर स्वयंसेवकों ने ग्रामवासियों को जागरूक कियाए इसके पश्चात पीटी व योगाभ्यास किया गया। स्वयंसेवकों द्वारा परियोजना कार्य के तहत गांव की नालियों, सड़कों व पेयजल स्थलों व विद्यालय परिसर की साफ सफाई किया गया।

सामुदायिक भवन के सामने व स्कूल के प्रवेश द्वार व टंकी के पीछे स्वयंसेवक द्वारा ढलाई कार्य किया गया, स्कूल परिसर में बैठने के लिए कुल 5 स्टैंड का निर्माण भी स्वयंसेवकों द्वारा किया गया। स्वयंसेवकों द्वारा किए गए परियोजना कार्य की सरपंच, ग्रामीणों व विद्यालयीन स्टॉफ ने मुक्त कंठ से प्रशंसा की। बौद्धिक परिचर्चा में बनमाली सिदार, अनिल गुप्ता, जतिन साव, रेवती रमन बघेल, कृष्ण कुमार प्रधान, अभय प्रताप सिंह, प्रो पूजा साव अलग-अलग दिवस पर विषय विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित रहे। बौद्धिक परिचर्चा से ग्रामीण विशेष रूप से लाभान्वित हुए। प्रतिदिन शाम को देशी खेलकूद का आयोजन किया गया जिसमें स्वयंसेवकों के साथ साथ स्थानीय बच्चे भी उत्साहपूर्वक शामिल हुए।

### पिछड़ी जनजाति समुदाय होगा लाभान्वित

**जशपुरनगर।** जिले में पीएम-जनमन योजना के तहत विशेष पिछड़ी जनजाति समुदाय के लोगों को लाभान्वित किया जाएगा। इसके लिए बगीचा, मनोरा और कुनकुरी विकासखण्ड के विभिन्न ग्रामों में विशेष शिविर आयोजित किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर पीएम जनजातीय आदिवासी न्याय महा अभियान के तहत पीएम जनमन योजना की शुरुआत की गई है। इस योजना के तहत सरकार आदिवासी समूह और जनजातीय तक पहुंचेगी जिनमें से अधिकांश लोग अब तक जंगल में रहते हैं ऐसे में इन लोगों के लिए बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी। विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों (पीवीटीजी) के उत्थान के उद्देश्य योजना प्रारंभ की गई है। पीएम जनमन योजना का उद्देश्य- प्रधानमंत्री द्वारा पीएम जनमन योजना शुरू करने का मुख्य उद्देश्य देश की जनजाति आदिवासी समुदाय का विकास करना है,ताकि उन्हें बेहतर जीवन मिल सके।

# मितानिन प्रशिक्षकों को नहीं मिला रहा बढ़ा हुआ वेतन, प्रशासन से की मांग

**रायगढ़।** शासन द्वारा प्रति कार्य दिवस की राशि बढ़ाने के बावजूद इसका लाभ मितानिन प्रशिक्षकों अब तक नहीं मिल पाया है। ऐसे में मितानिन प्रशिक्षकों ने कलेक्टोरेट का घेराव करते हुए शासन प्रशासन से इस मामले में उचित कदम उठाने की मांग की।

■ प्रति कार्य दिवस 100 रुपए की दर से हुई है वृद्धि

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के नाम आवेदन लेकर पहुंचे जिला स्तरीय मितानिन संघ की अध्यक्ष कलिष्ट एक्का और सचिव केशव चौहान ने बताया कि मितानिन कार्यक्रम में कार्यरत सभी ब्लॉक समन्वयक, स्वास्थ्य पंचायत समन्वयक, मितानिन प्रशिक्षक, हेल्प डेस्क फेसिलेटर्स को प्रति कार्य दिवस मानदेय में 100 रुपए इजाफा करने की मंजूरी राज्य शासन द्वारा दिया जा चुका है। उन्होंने यह भी बताया कि ब्लॉक समन्वयक, स्वास्थ्य पंचायत समन्वयक और हेल्प डेस्क फेसिलेटर्स को बकायदा बढ़ी हुई राशि के साथ मानदेय का भुगतान किया जा रहा है। किंतु मितानिन प्रशिक्षक इससे आज भी अछूते हैं। सरकार की अधिकांश योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। फील्ड में जाने के लिए इनको 15 से 20 किलोमीटर फील्ड में जाने वालों को बढ़ा हुआ मानदेय मिलना चाहिए।



#### नहीं मिला दो माह का बढ़ा हुआ मानदेय

मितानिन संघ का यह भी कहना है कि मितानिन प्रशिक्षकों को भी नियमानुसार प्रति कार्य दिवस 100 रुपए की दर से बढ़े हुए मानदेय की सौगात दी जाए, जो कि राज्य और केंद्र सरकार द्वारा अलग अलग निर्धारित है। मितानिनों ने वर्तमान में अक्टूबर और नवंबर का बढ़ा हुआ मानदेय उनके हाथ नहीं पहुंचा है, इसके लिए जल्द प्रशासनिक पहल की उन्होंने पुरजोर अपील भी की है। यही कारण है कि वे लगातार अपने हक की राशि पाने के लिए प्रयास कर रहे हैं।

# ऑनलाइन आरटीई पोर्टल में कार्य संपादित करने हेतु समय-सारिणी जारी

**रायगढ़।** निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम अंतर्गत वर्ष 2024-25 हेतु प्रदेश में संचालित निजी विद्यालयों में आरटीई पोर्टल के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन भर्ती की कार्यवाही की जानी है। पूर्व में लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा प्रवेश की प्रक्रिया एवं ऑनलाईन पद्धति के संबंध में विस्तृत निर्देश जारी किए गए है।

इस संबंध में अधिनियम के प्रावधान अंतर्गत नोडल अधिकारी की जानकारी, क्षेत्र का निर्धारण, मान्यता संबंधी कार्रवाई पूर्ण करना, आरक्षित सीटों का निर्धारण, प्रवेश एवं सूचना हेतु आवेदन प्राप्त करना, आवेदन पत्रों की समीक्षा तथा प्रचार.प्रसारए आबंटन प्रक्रिया एवं शुल्क की प्रतिपूर्ति व प्रक्रिया हेतु इस वर्ष भी प्रवेश के संबंध में समय.सारिणी जारी किया गया है। 1 से 28 फरवरी 2024 तक जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा सत्यापन किया जाना है। इसी तरह छात्र पंजीयन आवेदन1 मार्च से 15 अप्रैल 2024, नोडल अधिकारियों द्वारा दस्तावेजों की जांच 18 अप्रैल से 17 मई 2024, लॉटरी एवं आबंटन 20 मई से 30 मई 2024 एवं स्कूल दाखिला प्रक्रिया 1 से 30 जून 2024 तक किया जाना है। 15 से 30 जून 2024 तक जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा सत्यापन किया जाना है।






# ‘हनुमान’ का रोंगटे खड़े कर देने वाला ट्रेलर आउट

**मुंबई।** तेजा सज्जा स्टारर तेलुगु सिनेमा की सुपरहीरो फिल्म ‘हनुमान’ का टीजर रिलीज होने के बाद से ही फैंस इसकी रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। वहीं अब मेकर्स ने फैंस की एक्साइटमेंट को बढ़ाते हुए इस मोस्ट अवेटेड फिल्म का ट्रेलर मंगलवार को रिलीज कर दिया है। ट्रेलर बेहद दमदार है और इसे देखकर यकीन मानिए रोंगटे खड़े हो जाएंगे। इसमें पौराणिक कथाओं और कल्पना का मिश्रण दिखाया गया है। ट्रेलर की शुरुआत में तेजा सज्जा समुद्र की अथाह गहराइयों में नजर आते हैं। इसके बाद भगवान हनुमान का वर्णन करते हुए बैकग्राउंड साउंड आती है।

लाइफ Style

# कृति

## शूटिंग पूरी होने पर मनाया जश्न

एजेंसी ⏭ मुंबई

कृति सेनन ने अपनी प्रोड्यूस की हुई फिल्म ‘दो पत्ती’ की शूटिंग पूरी कर ली है। ‘दो पत्ती’ का रैप-अप हो चुका है। कृति ने जश्न मानते हुए इसकी जानकारी सोशल मीडिया पर साझा की है। एक्ट्रेस ने वीडियो और फोटोज शेयर की है।

कृति इस फिल्म को लेकर पिछले काफी समय से सुर्खियों में हैं। ‘आदिपुरुष’ एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम पर वीडियो और फोटोज शेयर की है, जिसमें काजोल, कनिका ढिल्लों, कृति सेनन और फिल्म डायरेक्टर शशांक चतुर्वेदी नजर आ रहे हैं और कैप्शन में लिखा, और यह एक रैप-अप है! दो पत्ती की रोमांचक यात्रा समाप्त हो गई है, 2024 में, केवल नेटफ्लिक्स पर। बता दें, कृति सेनन को फिल्मी पर्दे पर 9 साल का वक्त बीत चुका है। एक्ट्रेस पर्दे पर हीरोइन के तौर में काम किया है और अब प्रोड्यूसर के तौर पर भी अपना करियर शुरू करने जा रही है। फिल्म ‘दो पत्ती’ की कृति सेनन प्रोड्यूसर है। ये फिल्म कृति ने अपने प्रोडक्शन हाउस ब्लू बटरफ्लाई में बनी है। एक्ट्रेस ने वीडियो शेयर कर लिखा, हर फिल्म में मेरे दिल का टुकड़ा होता है, लेकिन कुछ में मेरी आत्मा भी होती है। दो पत्ती में मेरा दिल, आत्मा, दिमाग, प्यार, आंसू, सपने और बहुत कुछ है एक निर्माता के रूप में मेरी पहली फिल्म और मैं ‘ हमने इस रचनात्मक यात्रा का भरपूर आनंद लिया। यह जानकर मेरा दिल बैठ गया कि यह यात्रा समाप्त हो गई है, मैं खूबसूरत यादों और उससे भी ज्यादा खूबसूरत लोगों के लिए आभारी हूं, जिन्होंने इसे इतना खास बना दिया।



हॉलीवुड मसाला



# फुटबॉल मैच देखने निकलीं किम

**लॉस एंजेलिस।** हॉलीवुड एक्ट्रेस किम कार्दशियन को अक्सर अपनी बच्चों के साथ क्वालिटी टाइम स्पेंड करते देखा गया। हाल ही में किम को अपनी पांच साल की बेटी शिकागो और आठ साल के बेटे सेंट के साथ लॉस एंजेलिस में स्पॉट किया गया। किम बच्चों के साथ बास्केटबॉल गेम्स के लिए जा रही थीं। लुक की बात करें तो किम रेड फलालैन शर्ट और कार्गो पैंट में स्टाइलिश दिखीं। ओपन हेयर्स और ब्लैक शेड्स किम के लुक को परफेक्ट बना रहे हैं।



# दोस्त संग डिनर डेट पर स्पॉट हुईं केंडल

**लॉस एंजेलिस।** केंडल जेनर हॉलीवुड इंडस्ट्री की बोल्ड एंड ग्लैमरस एक्ट्रेसेस में से एक हैं। वह अक्सर अपने लुक्स को लेकर सोशल मीडिया पर चर्चा में रहती हैं। केंडल को बीती रात दोस्तों के साथ कोलोराडो में डिनर के लिए स्पॉट किया गया, जहां वह अपने लुक से सबको खूब इंप्रेस करती नजर आईं। अब एक्ट्रेस की ये तस्वीरें इंटरनेट पर खूब वायरल हो रही हैं। लुक की बात करेंतो इस दौरान केंडल चॉकलेट ब्राउन और ब्लैक बेल्ट वाला फर कोट पहने नजर आईं। इस लुक को उन्होंने ब्लैक ट्रांसपेरेंट स्टॉकिंग्स और ब्लैक बेली से कंप्लीट किया है। ओवरऑल लुक में एक्ट्रेस का स्टाइल देखते ही बन रहा है।



# इंटरनेशनल फिल्म में डेब्यू करेंगी नेहा

**मुंबई।** एक्ट्रेस नेहा धूपिया मिस्त्र के पॉपुलर फिल्म मेकर अली एल अरबी द्वारा निर्देशित ‘ब्लू 52’ से इंटरनेशनल मूवी में डेब्यू करने जा रही है इंटरनेशनल डेब्यू के बारे में बात करते हुए, नेहा ने कहा, ब्लू 52 की जर्नी शुरू करना किसी जादू से कम नहीं है। इस इंटरनेशनल वेंचर में अलग-अलग कल्चर के फ्यूजन ने मुझे एक ऐसे करेक्टर में गहराई से उतरने की अनुमति दी, जो चैलेंजिंग और इमोशनल है। एक्ट्रेस ने कहा, मेरा मानना है कि यह ट्रांसफॉर्मेटिव एक्सपीरियंस है, जो स्थायी प्रभाव छोड़ेगा और मुझे खुशी है कि अली ने मुझे अपनी पहली इंटरनेशनल फिल्म में लीड रोल निभाने के लिए चुना। निर्देशक अली एल. अरबी ने कहा, ब्लू 52 का निर्माण मिस्त्र, अमेरिका और भारत की सिनेमाई भाषाओं को मिलाकर किया जा रहा है।



# दिलजीत का ‘बंदा’ गाना रिलीज...

**मुंबई।** फिल्म डंकी के निर्माताओं ने नया गाना बंदा है, पेश किया है। ‘बंदा’ नाम का ये गाना एक जोशीला ट्रैक है, जो फैंस और ऑडियंस को फिल्म में शाहरुख खान के किरदार हार्डी से रूबरू कराता है। इस गाने को दिलजीत दोसांझ ने गाया है जबकि गाने के बोल कुमार ने लिखे हैं और संगीत प्रीतम ने दिया है। शाहरुख खान का इंट्रोडक्शन सॉन्ग निश्चित रूप से प्रशंसकों और दर्शकों के बीच काफी एक्साइटमेंट लेकर आएगा। डंकी में अभिनेता बोमन ईरानी, तापसी पन्नू, विक्की कौशल, विक्रम कोचर और अनिल ग्रोवर द्वारा रंगीन किरदार निभाए गए हैं। जीओ स्टूडियोज, रेड चिलीज एंटरटेनमेंट और राजकुमार हिरानी फिल्म्स की प्रस्तुति, राजकुमार हिरानी और गौरी खान द्वारा निर्मित, अभिजात जोशी, राजकुमार हिरानी और कनिका ढिल्लों द्वारा लिखित, डंकी 22 दिसंबर को रिलीज होने वाली है।

टीवी मसाला

# शादी के बंधन में बधेंगी श्रेनु रचाई दूल्हे के नाम की मेहंदी

**मुंबई।** टीवी एक्ट्रेस और डांसर मुक्ति मोहन के बाद अब एक और एक्ट्रेस शादी के बंधन में बंधने जा रही है। हम बात कर रहे हैं टीवी एक्ट्रेस श्रेनु पारिख की। हाल ही में एक्ट्रेस की मेहंदी सेरेमनी हुई है, जिसकी तस्वीरे सोशल मीडिया पर साझा की है। श्रेनु पारिख जल्द अपने ब्वॉयफ्रेंड अक्षय म्हात्रे संग शादी करने जा रही है। शादी से पहले एक्ट्रेस की प्री-वेडिंग फंक्शन की शुरुआत हुई है। अदाकारा की मेहंदी सेरेमनी हुई। इस मौके पर श्रेनु ग्रीन कलर का लहंगा पहना, जिसमें वह बेहद खूबसूरत नजर आ रही है। श्रेनु पारिख और अक्षय म्हात्रे की मुलाकात साल 2021 में ‘घर एक मंदिर’ के सेट पर हुई और फिर दोनों के बीच प्यार हो गया। इस कपल ने अपने रिश्ते को सीक्रेट रखा।



# 2023 में इन फिल्मों को सिनेमाघरों में नहीं मिले दर्शक, लेकिन ओटीटी पर रही टॉप ट्रेंड

*मुंबई। वैसे तो साल 2023 बॉलीवुड के लिहाज से काफी अच्छा रहा। इस साल बॉलीवुड की कई सारी फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर रिलीज के साथ हंगामा मचाया। वहीं, कुछ बड़ी फिल्में ऐसी भी रहीं, जिन्हें सिनेमाघरों में तो पसंद नहीं किया गया और फिल्म बुरी तरह फ्लॉप रही। वहीं, जब इन फ्लॉप फिल्मों को ओटीटी पर रिलीज किया गया तो ये टॉप ट्रेंड करने लगी। हम आपको साल 2023 की उन्हीं फिल्मों के बारे में बताने जा रहे हैं।*

## किसी का भाई किसी की जान




सलमान खान की यह फिल्म जब सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी, तो इसे बिलकुल भी पसंद नहीं किया गया था और बॉक्स ऑफिस पर यह फ्लॉप साबित हुई थी, लेकिन जैसे ही इसे ओटीटी पर लाया गया यह फिल्म ओटीटी पर टॉप ट्रेंड करने लगी थी।

## मिशन रानीगंज- द ग्रेट भारत रेस्क्यू




अक्षय कुमार की इस फिल्म को सिनेमाघरों में अच्छा रिस्पॉन्स नहीं मिला था और रिलीज के साथ ही यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप रही थी, लेकिन ओटीटी पर आते ही यह टॉप ट्रेंड करने लगी थी। यह एक आपदा थ्रिलर फिल्म है, जो टीनू सुरेश देसाई द्वारा निर्देशित और पूजा एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित है।

## गुमराह

यह एक एक्शन थ्रिलर फिल्म है, जो वर्धन केतकर द्वारा निर्देशित और टी-सीरीज फिल्म्स और मुराद खेतानी के सिने1 स्टूडियो द्वारा निर्मित है। फिल्म में मृणाल ठाकुर और रोनित रॉय के साथ आदित्य रॉय कपूर दोहरी भूमिका में हैं। यह 2019 की तमिल फिल्म थडम की रीमेक है. यह बॉक्स ऑफिस पर तो फ्लॉप साबित हुई थी, लेकिन ओटीटी पर आते ही यह छा गई थी।

## शहजादा

रोहित धवन द्वारा निर्देशित यह एक कॉमेडी एक्शन फिल्म है, जो सिनेमाघरों में तो कुछ कमाल नहीं दिखा पाई, लेकिन ओटीटी पर रिलीज होते ही टॉप ट्रेंड करने लगी थी। इसमें कार्तिक आर्यन मुख्य भूमिका में हैं, जिन्होंने इस फिल्म के साथ अपने प्रोडक्शन की शुरुआत भी किया। वहीं, कृति सेनन, परेश रावल, मनीषा कोइराला और रोनित रॉय मुख्य भूमिकाओं में थे।

## कुत्ते

यह एक्शन थ्रिलर फिल्म है, जिसे आसमान भारद्वाज ने लिखा और निर्देशित किया। फिल्म में तब्बू, अर्जुन कपूर, नसीरुद्दीन शाह, राधिका मदान, कोंकणा सेन शर्मा और कुमुद मिश्रा जैसे कलाकार शामिल हैं। यह फिल्म सिनेमाघरों में तो नहीं चली, लेकिन ओटीटी पर इसे दर्शकों का प्यार हासिल हुआ था।

# पहली बार लीड रोल में नजर आएंगी नोरा

**मुंबई।** एक्ट्रेस नोरा फतेही पहली बार पर्दे पर मुख्य भूमिका निभाती नजर आएंगी। नोरा फतेही ने कई फिल्मों में काम किया है, लेकिन उन्हें बॉलीवुड में बतौर लीड काम करने का मौका नहीं मिला। हालांकि, अब एक्ट्रेस को बतौर लीड पहली फिल्म मिल गई है। नोरा फिल्म क्रैक में मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। नोरा की फिल्म क्रैक की शूटिंग पूरी हो चुकी है।



## डंकी के लिए बुक हुए 70 प्रतिशत मल्टीप्लेक्स




**मुंबई।** शाहरुख खान ‘डंकी’ के साथ बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर की हैट्रिक लगाने की तैयारी कर रहे हैं। फिलहाल रिलीज से पहले ही ‘डंकी’ का क्रेज फैंस के सिर चढ़कर बोल रहा है और इसी के साथ फिल्म की धुंआधार एडवांस बुकिंग भी हो रही है। डंकी की एडवांस बुकिंग के चलते देशभर के 70 फीसदी मल्टीप्लेक्स पहले दिन के लिए हाउसफुल हो गए हैं।

## हैरतअंगेज स्टंट से भरपूर ‘क्रैक’ का टीजर आया सामने



**मुंबई।** रोलर-ब्लेडिंग से लेकर स्काइडाइविंग, स्कीइंग और कार-चेजिंग तक विद्युत जामवाल की लेटेस्ट फिल्म क्रैक-जीतेगा तो जिएगा का टीजर आपके रोंगटे खड़े कर देगा। फिल्म के निर्माताओं ने मंगलवार को टीजर जारी किया, जिसमें फिल्म की पेशकश के बारे में जानकारी दी गई। एक मिनट लंबे टीजर की शुरुआत विद्युत और अर्जुन के स्काइडाइविंग से होती है।

## दीपिका ओटीटी पर फिर दिखाएंगी जलवा



**मुंबई।** दीपिका पादुकोण को लेकर एक बड़ी खबर आ रही है कि एक बार फिर ओटीटी पर नजर आएंगी। यह ओटीटी प्रोजेक्ट ड्रग माफिया कल्चर पर आधारित होने वाला है। इसकी शूटिंग अगले साल शुरू होने की संभावना है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, दीपिका पादुकोण और नेटफ्लिक्स के बीच ड्रग्स माफिया संस्कृति पर आधारित एक प्रोजेक्ट को लेकर बातचीत चल रही है।

